न्यायालय उपखण्ड अधिकारी घाटोल, जिला बॉसवाडा

पीठासीन अधिकारी – श्री विनोद कुमार मल्होत्रा (R.A.S.)

प्रकरण संख्या – 14/2023 **दायर दिनांक:– 13.06.2023**

ऑनलाईन प्रकरण संख्या– 2023/41 **निर्णय दिनांक:– 07.02.2024**

1. रमिला पुत्री धुला मसार भील निवासी भुवासा तहसील गनोडा जिला बॉसवाडा।
2. कली पुत्री धुला मसार भील निवासी भुवासा तहसील गनोडा जिला बॉसवाडा।
3. मीरा पुत्री धुला मसार भील निवासी भुवासा तहसील गनोडा जिला बॉसवाडा।
4. पायल पुत्री धुला मसार भील निवासी भुवासा तहसील गनोडा जिला बॉसवाडा।

प्रार्थीगण

बनाम

1. तहसीलदार तहसील गनोडा जिला बॉसवाडा।

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भु राजस्व अधिनियम बाबत रिकार्ड शुद्धि

–::निर्णय::–

प्रार्थीगणों ने एक प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर.एक्ट के तहत पेश कर निवेदन किया कि वाके ग्राम भुवासा पटवार हल्का भुवासा तहसील गनोडा जिला बांसवाडा में स्थित हमारे पिता स्व. धुला मसार पिता रूपा है जिनकी मृत्यु दिनांक 11.08.2020 को हो चुकी है तथा हमारी माता थावरी की भी मृत्यु दिनांक 06.01.2016 को हो चुकी है। हमारे पिता के कोई पुत्र नही है हम चार प्रार्थीगण पुत्रिया होकर उनके उत्तराधिकारी व वारिस है तथा हमारे पिता के खातेदारी की भुमि ग्राम भुवासा की जमाबंदी संवत् 2056 के खाता संख्या 19 में सह खातेदार कानजी, भाणिया पिता धुलिया, नाथु, देवा, हुरजी, धुलकी पिता रूपा एवं रतन बेवा रूपा लिखा गया है जिसमें धुलकी पिता रूपा गलती से लिखा गया है हकीकत में वह धुलकी न होकर धुला मसार है जो राजस्व रेकॉर्ड में धुलकी गलती से इंद्राज हुआ है इसी तरह जमाबंदी संवत् 2075–78 के खाता संख्या 293 नया 248 पुराना के क्रम संख्या चार पर धुलजी पिता रूपा इंद्राज हो गया है उसे शुद्ध करके धुला पिता रूपा इंद्राज करवाना है तथा इसी तरह जमाबंदी संवत् 2075–78 के खाता संख्या 61 नया 42 पुराना के क्रम संख्या 5 पर धुलकी पिता रूपा गलती से दर्ज हो गया है जिसे भी शुद्ध करके धुला पिता रूपा किया जाना आवश्यक है।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी तहसीलदार गनोडा को नोटिस जारी किया गया। तहसीलदार गनोडा द्वारा दिनांक 04.08.2023 को जबाव एवं मौका जॉच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उभयपक्ष की बहस सुनी गई। तहसीलदार गनोडा द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं प्रार्थीगणों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्य का गहनता से अध्ययन एवं मनन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज, रिपोर्ट तहसीलदार एवं मौका जॉच रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किए जाने योग्य होकर राजस्व रिकार्ड दुरस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है।

–:: आदेश ::–

उपरोक्त विवेचन उपरान्त प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम भुवासा, पं.ह. भुवासा, तह. गनोडा, जिला बॉसवाडा में स्थित कृषि भुमि जमाबंदी संवत् 2075–78 के खाता संख्या 293 नया 248 पुराना के खसरा नम्बर 1287/2641 रकबा 0.16 हे0 में धुलजी पुत्र रूपा के स्थान पर धुला पुत्र रूपा किया जाने एवं खाता संख्या 61 नया 42 पुराना के खसरा नं. 127 रकबा 0.03 हे0, 1292/2420 रकबा 0.32 हे0, 1851/2280 रकबा 0.34 हे0, 1852 रकबा 0.23हे., 1854 रकबा 0.11हे., 230 रकबा 0.17हे., 312 रकबा 0.07हे., 52रकबा 0.06हे., 588 रकबा 0.11हे., 589 रकबा 0.11हे. के कुल खसरा 10 कुल रकबा 1.55 हे0 में धुलकी पुत्र रूपा के स्थान पर धुला पुत्र रूपा किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार गनोडा उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद करें।

(विनोद कुमार मल्होत्रा)
उपखण्ड अधिकारी
घाटोल